**कार्यालय–प्राचार्य,शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव छ.ग.**

B++ NAAC

Web site – www.govtkdmcollegerjn.com
Email - kamlacollege.rjn@gmail.com
Phone No. 07744-225171
Fax No. 07744-225171
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B++ (CGPA-2.93) ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय)

क्रमांक 636 /स्था./2026 राजनांदगांव, दिनांक 17/09/2026

**महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित छात्राओं हेतु परिचय पत्र (Identity Card) मुद्रण एवं प्रदाय करने हेतु सीमित निविदा आमंत्रण**

महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित छात्राओं हेतु उच्च गुणवत्ता के परिचय पत्र (Identity Card) तैयार एवं प्रदाय कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु शासन के प्रचलित भण्डार क्रय नियमों एवं वित्तीय प्रावधानों के अधीन सीमित निविदा पद्धति से पात्र निर्माताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों/पंजीकृत फर्मो से निर्धारित दर एवं तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीट पोस्ट/कोरियर के माध्यम से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट www.govtkdmcollegerjn.com से डाउनलोड कर प्राप्त किए जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना महावविद्यालय के वेबसाइट में दी जावेगी। पृथक से सूचित नही किया जावेगा।

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** – 24.09.2026 समय 04:00 बजे तक।

**निविदा खोलने की तिथि** – 28.09.2026 समय 03:00 बजे तक।

**निविदा खोलने का स्थान** – प्राचार्य कक्ष

क्रय समिति :

1. डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव – संयोजक
2. डॉ. जयसिंग साहू – सदस्य
3. डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी – सदस्य
4. श्री महेन्द्र कुमार मेश्राम – सदस्य
5. श्री संजय मिश्रा – सदस्य
6. श्रीमती नंदनी चंद्रवंशी – सदस्य
7. डॉ. युगेशवरी साहू – सदस्य

(डॉ. अंजली अवधिया)
प्राचार्य
शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्ना. महा.
राजनांदगांव छ.ग.



Scanned with OKEN Scanner

## निविदा हेतु प्रपत्र

**निविदाकर्ता अपने फर्म के लेटर हेड में प्रस्तुत करेंगे**

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय,
राजनांदगांव छग

महोदय,

मैं व्यवस्थापक (फर्म का नाम..............................................................स्थान एवं पूर्ण पता..............................................................................................शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के निविद विज्ञापन क्रमांक /स्था./2026 राजनांदगांव, दिनांक --/--/2026 के अनुक्रम में महाविद्यालय में नियमित छात्राओं के परिचय पत्र/आई कार्ड बनाने हेतु नीचे लिखे अनुसार दर प्रस्तुत कर रहा हूं। परिचय पत्र निविदा प्रपत्र लेने के पूर्व महाविद्यालय द्वारा दी गई सभी शर्तों एवं परिचय पत्र की चाही गई विशिष्टताओं का भली-भांति अवलोकन कर लिया है तथा आपके द्वारा प्रस्तावित सभी शर्तें मुझे मान्य है।

| क्र. | कार्य का विवरण | इकाई | प्रति नग दर | GST | GST सहित कुल दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 0.80 mm PVC Student ID Card, Standard Size 8.56 × 5.5 cm दोनों तरफ Colour Digital Printing, छात्राओं के फोटो एवं व्यक्तिगत विवरण एवं महाविद्यालय का पता सहित। | नग | ₹______ | ₹______ | ₹______ |
| 2. | Plastic Card Holder & | | | | |
| 3 | Printed Ribbon | | | | |

नोट : प्रस्तुत दर में डिजाइनिंग, डेटा सेटिंग, फोटो/डेटा प्रिंटिंग, कार्ड निर्माण, कटिंग, फिनिशिंग, पैकिंग, परिवहन एवं महाविद्यालय तक प्रदाय संबंधी समस्त व्यय सम्मिलित माना जाएगा।

दिनांक :
स्थान :

हस्ताक्षर.......................................
मोबाईल नं..................................
फर्म का सील



Scanned with OKEN Scanner

## निविदाकर्ताओं हेतु अन्य जानकारी

1. **कार्य का विवरण :**

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित छात्राओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले PVC परिचय पत्र का निर्माण, व्यक्तिगत विवरण एवं फोटो की डिजिटल प्रिंटिंग तथा महाविद्यालय में प्रदाय किया जाना है।

अनुमानित संख्या : अंतिम संख्या महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले छात्रा विवरण के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

2. **परिचय पत्र की तकनीकी विशिष्टताएँ :**

- परिचय पत्र PVC उच्च गुणवत्ता वाला होना चाहिए।
- कार्ड की मोटाई 0.80 mm होना चाहिए।
- कार्ड का आकार 8.56 cm × 5.4 cm होना चाहिए।
- कार्ड के दोनों तरफ Full Colour Digital Printing होना चाहिए।
- प्रिंटिंग तकनीक उच्च गुणवत्ता Digital Printing होना चाहिए।
- कार्ड होल्डर एवं रिबन प्रिंटेड होना चाहिए।
- कार्ड में छात्रा का फोटो रंगीन एवं स्पष्ट होना चाहिए।
- व्यक्तिगत विवरण छात्रा का नाम, कक्षा/सेमेस्टर, विषय/संकाय, प्रवेश क्रमांक आदि होना चाहिए।
- कार्ड में महाविद्यालय का नाम/लोगो/प्राचार्य के हस्ताक्षर/पता होना चाहिए।
- कटिंग एवं फिनिशिंग साफ, समतल एवं दोषरहित
- कार्ड गुणवत्ता मजबूत, टिकाऊ एवं सामान्य उपयोग के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

3. **कार्य में सम्मिलित सेवाएं :**

निविदादाता को निम्न समस्त कार्य करने होंगे :–

- महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये छात्राओं के डेटा एवं फोटो के आधार पर कार्ड तैयार करना।
- कार्ड की डिजाइनिंग/डेटा सेटिंग करना।
- दोनों तरफ रंगीन डिजिटल प्रिंटिंग करना।
- कार्ड की कटिंग एवं फिनिशिंग करना।
- तैयार परिचय पत्रों को छात्रावार/कक्षावार व्यवस्थित करना।
- परिचय पत्रों की सुरक्षित पैकिंग करना।
- तैयार परिचय पत्रों को महाविद्यालय में उपलब्ध कराना।

4. **नमूना कार्ड :**

निविदादाता द्वारा अपने प्रस्ताव के साथ अथवा महाविद्यालय के निर्देशानुसार उपरोक्त तकनीकी विशिष्टताओं के अनुरूप एक नमूना PVC परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।

महाविद्यालय द्वारा नमूना स्वीकृत किए जाने के पश्चात ही अंतिम परिचय पत्रों का निर्माण किया जाएगा। अंतिम आपूर्ति स्वीकृत नमूने की गुणवत्ता एवं डिजाइन के अनुरूप होना अनिवार्य होगा।

निरंतर......



Scanned with OKEN Scanner

## 5. निविदा की नियम एवं शर्तें :

1. निविदा पात्र एवं पंजीकृत निर्माता/फर्म/विक्रेता अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत की जा सकेगी।
2. सीमित निविदा के अंतर्गत कम से कम तीन पात्र फर्मों/निर्माताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों से दर प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।
3. निविदादाता को संबंधित फर्म का पंजीयन/अधिकृत संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।
4. छात्राओं के नाम, फोटो एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना निविदादाता के लिए अनिवार्य होगा।
5. महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया डेटा केवल परिचय पत्र निर्माण के उद्देश्य से उपयोग किया जाएगा।
6. छात्रा के नाम, फोटो, रोल नंबर, प्रवेश क्रमांक अथवा अन्य विवरण में त्रुटि होने पर संबंधित कार्ड को बिना अतिरिक्त शुल्क के पुनः तैयार करना होगा।
7. निर्धारित साईज अथवा निर्धारित गुणवत्ता से कम सामग्री का उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. प्रिंटिंग में धुंधलापन, रंग की खराबी, गलत कटिंग, खरोंच, टूट–फूट अथवा अन्य दोष वाले कार्ड स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
9. आपूर्ति निर्धारित समय–सीमा में महाविद्यालय में करना अनिवार्य होगा।
10. दोषपूर्ण कार्डों को निविदादाता द्वारा अपने व्यय पर बदलकर देना होगा।
11. देयक का भुगतान संतोषजनक आपूर्ति एवं बिल प्रस्तुत किए जाने के पश्चात प्रचलित नियमों के अनुसार किया जाएगा।
12. महाविद्यालय को प्राप्त निविदाओं में से किसी एक अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
13. सम्पूर्ण क्रय प्रक्रिया छत्तीसगढ़ शासन के प्रचलित भण्डार क्रय नियमों एवं समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन होगी।
14. फर्म का जीवित जी.एस.टी पंजीयन होना अनिवार्य है।
15. भाव पत्र के साथ परिचय पत्र का नमूना संलग्न होना अनिवार्य है।

(डॉ. अंजली अवधिया)
प्राचार्य
शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्ना. महा.
राजनांदगांव छ.ग.

Scanned with OKEN Scanner